समाचार

स्वच्छता महाअभियान

आयुक्त ने स्लम बस्ती की सकरी गलियों में पैदल भ्रमण कर साफ–सफाई कार्यो का लिया जायजा

(निगम द्वारा पुराने कोरबा शहर के मोतीसागरपारा वार्ड एवं दर्री स्थित जेलगांव वार्ड में संचालित की गई मेगा स्वच्छता ड्राईव)

कोरबा 18 फरवरी 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज स्वच्छता महाअभियान के तहत निगम द्वारा चलाई जा रही मेगा स्वच्छता ड्राईव के दौरान स्लम बस्ती मोतीसागरपारा की दर्जनों सकरी गलियों का पैदल भ्रमण करते हुए किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया। स्लम बस्ती के लोगों से निगम के साफ–सफाई कार्यो की जानकारी ली तथा सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न डालने का उनसे आग्रह किया, निगम के साफ–सफाई कार्यो व शहर को साफ–सुथरा रखने में सहयोग देने की अपील की।

यहॉ उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता महाअभियान वार्ड एवं बस्तियों में निर्धारित कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे चरण के दूसरे दिन आज कोरबा पुराने शहर के मोतीसागरपारा वार्ड एवं दर्री जोनांतर्गत जेलगांव वार्ड में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई तथा वृहद स्तर पर एक अभियान के रूप में साफ–सफाई के कार्य, नालियों की सतह से सफाई, सड़क किनारे की बर्म झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव सहित अन्य विभिन्न कार्य एक अभियान के रूप में किए गए। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डो में पहुंचकर किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया, मोतीसागरपारा स्लम बस्ती की दर्जनों सकरी गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, बस्तीवासियों से वहॉ की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होने बस्तीवासियों से पूछा कि कचरा लेने के लिए उनके घर प्रतिदिन सफाई रिक्शा

आता है या नहीं, जिस पर बस्ती के लोगों ने बताया कि निर्धारित समय पर कचरा लेने के लिए रिक्शा उनकी गली में पहुंचता है तथा वे रिक्शें में ही कचरे को देते हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तीवासियों से अपील की कि वे सूखा व गीला कचरा अलग–अलग रूप से सफाई रिक्शें में दें तथा सड़क व नाली पर कचरा कदापि न डालें।

मोतीसागरपारा तालाब के बहुरेगें दिन – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने मोतीसागरपारा तालाब का निरीक्षण किया, उन्होने जोन कमिश्नर को निर्देश दिए कि तालाब की सफाई एवं वहॉ के सौदंर्यीकरण कार्य हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार कराएं ताकि बस्ती के इस महत्वपूर्ण स्थल व जल स्त्रोत को साफ–सुथरा, व्यवस्थित व सौंदर्यीकृत किए जाने की कार्यवाही की जा सके। उन्होने मोतीसागरपारा में पानी की पाईप लाईन के लिकेज को तत्काल सुधार किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार दर्री जोनांतर्गत जेलगांव चौक के समीप स्थित सामुदायिक भवन की मरम्मत किए जाने के संबंध में त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी उन्होने अधिकारियों को दिए।

कोयला सिगड़ी का धुआ घातक, न जलाने का आग्रह – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने बस्ती में जल रही कोयला सिगड़ी पर संबंधित बस्तीवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि कच्चा कोयला जलाने से जहरीला धुआ पैदा होता है, जो परिवार के बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं व सभी के स्वास्थ्य के लिए घातक है, अतः कोयला सिगड़ी कदापि न जलाएं, इसके स्थान पर ईंधन के अन्य विकल्पों का उपयोग करें। उन्होने बस्तीवासियों से कहा कि वे कच्चे कोयले के धुएं से होने वाले स्वास्थ्य के नुकसान से अपने पड़ोसियों को भी अवगत कराएं तथा उन्हें समझाईश दें कि कोई भी बस्तीवासी कोयले की सिगड़ी न जलाएं।

सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण – आयुक्त श्री पाण्डेय ने दर्री जोनांतर्गत जेल गांव बस स्टैण्ड के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया, उन्होने शौचालय की साफ–सफाई एवं वहॉ पर की गई आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप शौचालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सतत रूप से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश संचालन एजेंसी को दिए।

सड़क पर गदंगी व कबाड रखने पर टेंट हाउस संचालक को अर्थदण्ड – दर्री जोनांतर्गत अयोध्यापुरी वार्ड स्थित एक टेंट हाउस संचालक द्वारा सड़क पर गदंगी व कबाड फैलाने को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने संबंधित टेंट संचालक पर 01 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा तत्काल कबाड को हटाने व स्थल पर साफ–सफाई रखने टेंट हाउस संचालक को निर्देशित किया।

निर्माण कार्य में देरी पर आयुक्त हुए नाराज, कार्यवाही के निर्देश – टी.पी.नगर से सी.एस.ई.बी. चौक की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग में किए जा रहे नाली निर्माण के कार्य में देरी होने, समय पर कार्य पूरा न करने पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जाहिर की, उन्होने संबंधित निर्माण एजेंसी पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने व निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आज स्वच्छता अभियान के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ए.के.शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र नामदेव, सहायक अभियंता रमेश सूर्यवंशी, सुनील टांडे, अश्वनी दास, अभय मिंज, रितेश सिंह, गिरवर विश्वकर्मा, पीआईयू धनमोहन, पंकज गभे सहित निगम के स्वच्छता कमांडों, सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों आदि ने अपनी सहभागिता प्रदान की।